# एसआरएम यूनिवर्सिटी में एक सप्ताह तक चलने वाला एनसीसी कैंप शुरू

अथाह संवाददाता

**मोदीनगर।** एसआरएम यूनिवर्सिटी मोदीनगर में 12 सितंबर तक चलने वाले एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कैंप-122 एवं 130 मे कैंप कमांडेंट कर्नल हरेंद्र सिंह सिद्धू (सेना मेडल) ने कैडेट्स को एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन के बारे में विस्तार से बताया। कैंप कमांडेंट ने कैडेट्स को शिविर के दौरान सिखाएं जाने वाले प्रशिक्षण का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि इस संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र प्रशिक्षण, योग, हाइजीन एवं सैनिटेशन, शिविर






स्थापना, साहसिक कार्य, खेल कूद, ड्रिल, फायर व कंट्रोल आदि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप में प्रशिक्षण अधिकारी ने सभी कैडेटों को कैंप के दौरान एकता और अनुशासन का पालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यों चरित्र निर्माण, नेतृत्व का विकास, धर्म निरपेक्षता ,निस्वार्थ सेवा भाव का संचार करने आदि को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ संजय विश्वनाथन ने एन सी सी कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण मे सहयोग करने एवं राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए संकल्प दिलाया। यूनिवर्सिटी के डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ नरेंद्र मोहन मिश्रा ने भी कैडेट्स को संबोधित किया।

कैंप कमांडेंट ने कैंप के दौरान यूनिवर्सटी ऑफिशियलस के द्वारा कैंप के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मोदी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि उक्त कैंप 6 सितंबर से शुरू होकर 12 सितंबर तक चलेगा।

इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर रितेश रॉय, डॉ ले० मुकेश कुमार, रजनीश जिंदल, मुकेश शर्मा, संगीता सिंह, डॉ सुशील कुमार, संजीव ,राजिंदर, सुबेदार मेजर अमित राणा, सुबेदार विक्रम सारु, रस पॉल, हवलदार अजय शर्मा, प्रेम साहनी, नरेंद्, सतीस, व मो० इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# नोएडा/हापुड़/बरेली

# एसआरएम यूनिवर्सिटी (नॉर्थ कैंपस ) में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**उदय भूमि ब्यूरो**



**मोदीनगर।** एसआरएम यूनिवर्सिटी (नॉर्थ कैंपस ) में एन सी सी कैडेट्स का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त प्रशिक्षण शिविर छह सितंबर से 12 सितंबर से चलेगा।

कैंप शुभारंभ पर कैंप कमांडेंट कर्नल हरेंद्र सिंह सिद्धू (सेना कैंप कमांडेंट) ने बताया कि इस संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र प्रशिक्षण ,योग ,हाइजीन एवं सैनिटेशन, शिविर सथापना,साहसिक कार्य, खेल कूद, ड्रिल ,फायर कंट्रोल आदि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा । कैंप में प्रशिक्षण अधिकारी कर्नल जे एस पवार ने सभी कैडेटों को कैंप के दौरान एकता और अनुशासन का पालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यों चरित्र निर्माण, नेतृत्व का विकास, धर्म निरपेक्षता ,निस्वार्थ सेवा भाव का संचार करने आदि को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया । एस आर एम यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ संजय विश्वनाथन ने एन सी सी कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण मे सहयोग करने एवं राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए संकल्प दिलाया। यूनिवर्सिटी के डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ,डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ नरेंद्र मोहन मिश्रा ने भी कैडेट्स को संबोधित किया । कैंप कमांडेंट ने कैंप के दौरान यूनिवर्सटी ऑफिशियल्सके द्वारा कैंप के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि उक्त कैंप 6-09-21 से शुरू होकर 12-09-21 तक चलेगा । इस अवसर पर एन सी सी ऑफिसर रितेश रॉय, डॉ ले0 मुकेश कुमार ,रजनीश जिंदल ,मुकेश शर्मा, संगीता सिंह ,डॉ सुशील कुमार ,संजीव ,राजिंदर , सुबेदार मेजर अमित राणा ,सुबेदार विक्रम सारु,रस पॉल ,हवलदार अजय शर्मा, प्रेम साहनी, नरेंद्, सतीस, व मो0 इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

## कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्यो को प्राप्त करने हेतु किया प्रेरित

प्रलयंकर संवाददाता

**मोदीनगर:** एस आर एम यूनिवर्सिटी (एन सी आर कैम्पस) में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-122 एवं 130 प्रारंभ हो गया । प्रशिक्षण शिविर 12 सितंबर तक चलेगा। कैंप कमांडेंट कर्नल हरेंद्र सिंह सिद्धू (सेना मेडल) ने कैम्प के ओपनिंग एड्रेस के दौरान संबोधित करते हुए कैडेट्स को एन सी सी के मोटो एकता और अनुशासन का पालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यो को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया । कैंप कमांडेंट ने अपने संबोधन में कैडेट्स को शिविर के दौरान सिखाएं जाने वाले प्रशिक्षण का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि इस संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र प्रशिक्षण ,योग ,हाइजीन एवं सैनिटेशन, शिविर सथापना,साहसिक कार्य, खेल कूद , ड्रिल ,फायर कंट्रोल आदि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा । कैंप में प्रशिक्षण अधिकारी कर्नल जे एस पवार ने सभी कैडेटों को कैंप के दौरान एकता और अनुशासन का पालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यों चरित्र निर्माण , नेतृत्व का विकास,धर्म निरपेक्षता ,निस्वार्थ सेवा भाव का संचार करने आदि को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया । एस आर एम यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ संजय विश्वनाथन ने एन सी सी कैडेट्स



को राष्ट्र निर्माण मे सहयोग करने एवं राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए संकल्प दिलाया। यूनिवर्सिटी के डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ,डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ नरेंद्र मोहन मिश्रा ने भी कैडेट्स को संबोधित किया । कैंप कमांडेंट ने कैंप के दौरान यूनिवर्सटी ऑफिशियलस के द्वारा कैंप के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि उक्त कैंप 12 सितंबर तक चलेगा इस अवसर पर एन सी सी ऑफिसर रितेश रॉय, डॉ ले० मुकेश कुमार ,रजनीश जिंदल ,मुकेश शर्मा, संगीता सिंह ,डॉ सुशील कुमार ,संजीव ,राजिंदर , सुबेदार मेजर अमित राणा ,सुबेदार विक्रम सारु,रस पॉल ,हवलदार अजय शर्मा, प्रेम साहनी, नरेंद्, सतीस, व मो० इकबाल आदि उपस्थित रहे।